TIMES OF INDIA, Chandigarh, 4.2.2025
Page No. 3, Size:(14.53)cms X (7.59)cms.

Trafficked from UP for bonded labour, 47 rescued from brick kiln in Moga

Neel.Kamal@timesofindia.com

Bathinda: Acting on directions from the National Human Rights Commission (NHRC) and the National Commission for Protection of Child Rights (CPCR), Moga district administration on Monday rescued 47 persons, including 21 children, from a brick kiln which is accused of trafficking them to be engaged as bonded labour.

Nine others belonging to two families left the kiln before the district administration's team could reach the spot. In all, 56 people belonging to 10 families, including 26 children, were alleged to have been trafficked.

People rescued from a brick kiln in Moga district

Delhi-based Nirmal Gorana, convener of National Campaign Committee for Eradication of Bonded Labour, lodged complaints with NHRC and CPCR on Jan 30, stating that 56 bonded labourers, including 16 men, 14 women, and 26 children belonging to 10 families from the SC community, were trafficked to Moga from Uttar Pradesh to work in the kiln.

Moga deputy commissioner Vishesh Sarangal, when contacted, said, "Only this morning, the persons concerned met me. Immediately, a team was formed to look into the matter and rescue the bonded labourers if the facts in the complaint were true. Appropriate action will be taken against the accused if facts are found to be true, and an FIR will be lodged."

PIONEER (HINDI), Lucknow, 4.2.2025
Page No. 03, Size:(22.56)cms X (18.41)cms.

कैदियों के मानवाधिकार पर बीबीएयू में हुआ एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में सोमवार को विधि विभाग एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के संयुक्त तत्वाधान में कैदियों के मानवाधिकार-मुद्दे, चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय संगोष्ठी की थीम पुलिस, जेल सुधार और कैदियों के अधिकार विषय पर आधारित रही। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.के. द्विवेदी ने की। कुलपति प्रो. एस.के. द्विवेदी ने मानवाधिकार और कानूनी सुधार के क्षेत्र में शिक्षा और शैक्षणिक संस्थानों के अहम योगदानों पर चर्चा की एवं शिक्षा को सुधार का एक अहम माध्यम बताया। इसके अतिरिक्त उन्होंने कैदियों के लिए वोकेशनल ट्रेनिंग एवं रिहेबलिटेशन प्रोग्राम पर अपने विचार रखे। उत्तर प्रदेश के कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा के पुलिस महानिदेशक श्री पी.वी. रामाशास्त्री ने मेन्डेला नियम, कैदी एक्ट एवं जेल मैनुअल पर गंभीरता से प्रकाश डाला, जो कैदियों के अधिकारों को सुरक्षित करते हैं। साथ ही उन्होंने सजा पूर्ण कर चुके दोषियों की सामाजिक स्वीकृति और पुनर्वास के लिए एक सहयोगी दृष्टिकोण पर जोर दिया। कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. मेहराज उद्दीन मीर ने जेल सुधारों और संवैधानिक सुरक्षा में न्यायिक हस्तक्षेप पर चर्चा की। उन्होंने कैदी पुनर्वास और न्यायिक प्रणाली की जटिलताओं पर जोर दिया, जहां अपराध को एक उचित संदेह से परे साबित किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने न्यायिक प्रणाली की कमियों को उजागर किया एवं कैदियों की मानसिक स्थिति पर चर्चा की। बीबीएयू की कुलसचिव प्रो. यूवी किरण ने भी कैदियों के अधिकारों एवं न्यायिक प्रणाली पर अपने विचार रखे।

DAINIK JAGRAN (JAGRAN CITY), Lucknow, 4.2.2025
Page No. 3, Size:(4.21)cms X (12.38)cms.

'पुनर्वास के लिए सहयोग दृष्टिकोण अपनाएं'

जासं ● लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में विधि विभाग एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के संयुक्त तत्वाधान में 'कैदियों के मानवाधिकार : मुद्दे, चुनौतियां और संभावनाएं' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें देश भर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसके द्विवेदी ने की।

मुख्य अतिथि कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा के पुलिस महानिदेशक पीवी रामाशास्त्री ने मेंडेला नियम, कैदी एक्ट एवं जेल मैनुअल पर चर्चा की। उन्होंने सजा पूर्ण कर चुके दोषियों की सामाजिक स्वीकृति के लिए एक सहयोगी दृष्टिकोण पर जोर दिया। कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. मेहराज उद्दीन मीर ने कैदी पुनर्वास, न्यायिक प्रणाली की जटिलताओं पर जोर दिया।

AMAR UJALA (MY CITY), Lucknow, 4.2.2025
Page No. 4, Size:(3.08)cms X (6.13)cms.

मानवाधिकार व कानूनी सुधार में शिक्षण संस्थानों का है योगदान

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में विधि विभाग और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से कैदियों के मानवाधिकारों पर चर्चा के लिए संगोष्ठी हुई।

कुलपति एसके द्विवेदी ने कहा कि मानवाधिकार और कानूनी सुधार के क्षेत्र में शिक्षा और शैक्षणिक संस्थानों का अहम योगदान है। कारागार प्रशासन व सुधार सेवा के पुलिस महानिदेशक पीवी रामाशास्त्री ने जेल में मंडेला नियम, कैदी एक्ट और जेल मैनुअल पर प्रकाश डाला। कहा कि कैदियों की सुरक्षा के लिए व्यवस्था में बदलाव जरूरी है।

कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व वीसी प्रो. मेहराजउद्दीन मीर ने कैदियों की मानसिक स्थिति पर चर्चा की। (संवाद)

HINDUSTAN, Sultanpur, 4.2.2025
Page No. 11, Size:(5.70)cms X (7.33)cms.

महाकुम्भ नगर में सोमवार को वसंत पंचमी के मौके पर स्नानार्थियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई।

कुम्भ हादसे का मामला एनएचआरसी पहुंचा

रामपुर। महाकुम्भ हादसे का मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग पहुंच गया है। वीवीआईपी और वीआईपी पास जारी करने वाले अधिकारियों को इस हादसे का दोषी बताते हुए केस दर्ज कराने का अनुरोध किया है। आयोग ने शिकायत दर्ज कर ली है। रामपुर की मॉडल कालोनी निवासी डीके फाउंडेशन आफ फ्रीडम एंड जस्टिस के डायरेक्टर दानिश खां ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज करायी है। जिसमें प्रयागराज में कुछ दिन पूर्व घटित घटना के संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने एवं गहन जांच करने के संबंध में अनुरोध किया गया है।

DAINIK BHASKAR, Muzaffarpur, 4.2.2025
Page No. 1, Size:(18.51)cms X (11.27)cms.

एसकेएमसीएच में नवजात को कुत्तों के खा लेने का मामला

मानवाधिकार आयोग ने एसएसपी को सदेह हाजिर होने को कहा, अगली सुनवाई 12 को

सिटी रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

एसकेएमसीएच में नवजात को कुत्तों के खा लेने के मामले में जांच रिपोर्ट अब तक नहीं मिलने पर मानवाधिकार आयोग ने एसएसपी को सदेह हाजिर होने के लिए नोटिस जारी किया है। आयोग ने सशर्त समन जारी करते हुए कहा कि यदि पूरी जांच रिपोर्ट 12 मार्च से पूर्व आयोग को मिल जाए तो सदेह उपस्थिति को टाला जा सकता है। आयोग ने सख्त रुख अपनाते हुए यह नोटिस 3 फरवरी को एसएसपी को भेजा है। मामले में अगली सुनवाई 12 मार्च को होगी। गौरतलब है कि 15 मई 2024 को एसकेएमसीएच के मुख्य द्वार पर एक नवजात को कुत्तों ने नोंच-नोंचकर खा लिया। इसके पहले 15 जनवरी को भी कुत्तों द्वारा एक नवजात को खाए जाने का मामला प्रकाश में आया था। इस खबर को दैनिक भास्कर ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। मानवाधिकार अधिवक्ता एसके झा ने इन मामलों को लेकर राष्ट्रीय व राज्य मानवाधिकार आयोग में याचिका दायर की थी। याचिका पर संज्ञान लेते हुए मानवाधिकार आयोग ने उसी समय डीएम को नोटिस भेजा। मामले में अहियापुर थाने में तीन अलग-अलग प्राथमिकियां दर्ज की गई।

PRABHAT KHABAR, Muzaffarpur, 4.2.2025
Page No. 3, Size:(28.15)cms X (11.09)cms.

एसएसपी को आयोग के समक्ष सदेह उपस्थित होने का नोटिस

संवाददाता, मुजफ्फरपुर

एसकेएमसीएच परिसर में नवजात शिशु को कुत्तों के द्वारा खाये जाने के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने एसएसपी मुजफ्फरपुर को सशर्त सम्मन जारी किया है. आयोग ने एसएसपी मुजफ्फरपुर को सदेह उपस्थित होने का आदेश देते हुए कहा कि यदि पूरी जांच रिपोर्ट 12 मार्च से पूर्व आयोग को प्राप्त हो जाये तो सदेह उपस्थिति को टाला जा सकता है बता दें कि विगत वर्ष 15 मई को श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के मुख्य द्वार पर एक नवजात बच्चे को कुत्तों के द्वारा नोच-नोचकर खाया जा रहा था. कुत्ते घंटों तक नवजात बच्चे को नोचते रहे. लेकिन अस्पताल प्रबंधन या पुलिस की ओर से कोई पहल नहीं हुई. 15 जनवरी को भी कुत्ते के द्वारा एक नवजात बच्चे को खाये जाने का मामला प्रकाश में आया था, जो राष्ट्रीय व राज्य मानवाधिकार आयोग के समक्ष विचाराधीन है. मानवाधिकार अधिवक्ता एसके झा ने राष्ट्रीय व राज्य मानवाधिकार आयोग में इन सभी मामलों में याचिका दायर की थी और मामले की गंभीरतापूर्वक जांच करते हुए दोषियों पर कठोर-से-कठोर कार्रवाई की मांग की थी. उसके बाद मानवाधिकार आयोग ने जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर को नोटिस जारी किया था. इस पूरे मामले में अहियापुर थाने में तीन अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गयी थी. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तीनों प्राथमिकी की वर्तमान स्थिति और जांच के बारे में मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन से लगातार रिपोर्ट मांग रही है, लेकिन मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन द्वारा आयोग को रिपोर्ट नहीं दिया जा रहा है. उसके बाद तीन फरवरी को आयोग ने सख्त रुख अपनाते हुए एसएसपी मुजफ्फरपुर को सदेह उपस्थित होने हेतु सम्मन जारी किया है. इस मामले में अगली सुनवाई 12 मार्च को होगी.

MSN

AIKS Delegation Meets Kiren Rijiju; Demands Minority Status, Commission For Kashmiri Pandits

https://www.msn.com/en-in/news/India/aiks-delegation-meets-kiren-rijiju-demands-minority-status-commission-for-kashmiri-pandits/ar-AA1yjtEG?apiversion=v2&noservercache=1&domshim=1&renderwebcomponents=1&wcseo=1&batchservertelemetry=1&noservertelemetry=1

Story by Akash Sinha | • 9h • 1 min read

AIKS Delegation Meets Kiren Rijiju; Demands Minority Status, Commission For Kashmiri Pandits

A delegation from All India Kashmiri Samaj (AIKS), led by its president Ravinder Pandita, met Kiren Rijiju, Minister of Minority Affairs and Parliamentary Affairs, in New Delhi today. They discussed and presented a memorandum seeking minority status and benefits for minorities within the state.

According to Ravinder Pandita, "The minister acknowledged the irony that Kashmiri Hindus are considered a minority in the state but a majority in the union, a situation similar to that in a few other states. He listened attentively to the points raised by AIKS, including the demand for constituting a Minorities Commission in J&K, officially declaring us as a minority, and referred to the Supreme Court’s 2018 directive in a petition by Ankur Sharma, as well as Justice Venkatachaliah's NHRC report."

Pandita further stated, "The minister was informed about past meetings with the National Commission for Minorities (NCM) and the recommendations made. The issue has gained significance after the abrogation of Article 370 and the unification of Jammu & Kashmir."

He added, "We also urged the reopening of Sharda Peeth in PoK, similar to the Kartarpur Corridor. After hearing the delegation, the minister suggested that a larger group should meet the Hon'ble Minister to discuss these political issues. He assured us that he would facilitate a meeting with the Home Ministry."

The Global Kashmir

AIKS meets Kiren Rijiju, Minister of Minorities affairs – demand Minority status and commission for Kashmiri Pandits

https://globalkashmir.net/aiks-meets-kiren-rijiju-minister-of-minorities-affairs-demand-minority-status-and-commission-for-kashmiri-pandits/

by News Desk | February 3, 2025

New Delhi : All India Kashmiri Samaj (AIKS) led by its president Ravinder Pandita called on Kiren Rijiju, minister of minorities and Parliamentary affairs in New Delhi today. AIKS discussed and presented him a memorandum seeking minority status and benefits to minorities within the state. The minister said that it was irony that Kashmiri hindus are minorities in state but majority in union which is true with a few states more. He listened to the points raised by AIKS like constituting a minorities commission in J&K, declaring us minorities and referred to SC direction of 2018 in a petition by Ankur Sharma as also Justice Venkatachaliah NHRC report. The minister was apprised of various meetings with NCM in the past also and recommendations also thereof. The issue assumes significance after abrogation of Art 370 and unification of J&K state, says Ravinder Pandita, President of AIKS.

AIKS presented and felicitated Kiren Rijiju with a Sharda shawl and portrait. AIKS also urged for reopening of Sharda Peeth PoK on the lines of Kartarpur. The Minister after hearing the delegation suggested that a larger delegation should meet Hon'ble minister with these political issues and assured AIKS that he will facilitate a meeting with Home ministry.

AIKS team comprising its General Secy. Sunil Koul, Sr. Vice President Vijay Kashkari, noted debator & activist Amit Raina and Shrawan Pandita, invited Kiren Rijiju for Intl Mother Tongue day festival to be organised in New Delhi on 22 February and presented him the latest issue of Naad Magazine, official mouthpiece of AIKS.

Malaysia Sun

Kashmiri Pandits meet Kiren Rijiju, demand minority status, reopening of Sharda Peeth

https://www.malaysiasun.com/news/275015983/kashmiri-pandits-meet-kiren-rijiju-demand-minority-status-reopening-of-sharda-peeth

ANI | 03 Feb 2025, 19:03 GMT+10

New Delhi [India], February 3 (ANI): All India Kashmiri Samaj (AIKS), led by its president Ravinder Pandita, met with Kiren Rijiju, the Minister of Minority Affairs and Parliamentary Affairs, in New Delhi today.

According to a press release, during the meeting, AIKS presented a memorandum seeking the declaration of Kashmiri Pandits as a minority community and the establishment of a dedicated commission to address their concerns within the JammuKashmir region.

Pandita discussed the current situation of Kashmiri Hindus, pointing out the irony that they are considered a minority in JammuKashmir but a majority in the union territory as a whole.

"This issue also applies to a few other states," said the minister. He listened attentively to the points raised by AIKS, including the urgent need for a Minorities Commission in JammuKashmir, the official declaration of Kashmiri Pandits as minorities, and referenced the Supreme Court's 2018 direction in the petition filed by Ankur Sharma as well as the Justice Venkatachaliah NHRC report.

As per the release, Pandita emphasized that the demand has become more significant following the abrogation of Article 370 and the unification of JammuKashmir. He highlighted the importance of these issues in the current political landscape.

The release stated, "In recognition of the minister's time and consideration, AIKS presented Kiren Rijiju with a Sharda shawl and a portrait."Additionally, AIKS urged for the reopening of the Sharda Peeth in PoK (Pakistan-occupied Kashmir) on the lines of the Kartarpur Corridor, to promote religious and cultural exchange, the release noted.

The Minister, after hearing the delegation, suggested that a larger group meet the Home Minister to address these political issues. He assured AIKS that he would facilitate a meeting with the Home Ministry to discuss these matters further, said the release.

AIKS team members, including General Secretary Sunil Koul, Senior Vice President Vijay Kashkari, noted debater and activist Amit Raina, and Shrawan Pandita, invited Kiren Rijiju to the International Mother Tongue Day festival to be organized in New Delhi on 22nd February. The team also presented him with the latest issue of Naad Magazine, the official mouthpiece of AIKS. (ANI)

Verdictum

Purpose Of Human Rights Act Would Be Nullified If Commissions Are Rendered Powerless & Held To Be Mere Recommendatory Bodies: Delhi HC

https://www.verdictum.in/court-updates/high-courts/delhi-high-court/kiran-singh-v-national-human-rights-commission-2025-dhc-456-db-fake-encounter-1566840

3 February 2025

The Delhi High Court remarked that the purpose of the Human Rights Act, 1993 and the reasons for its enactment would be nullified if the Commissions are rendered powerless and are held to be mere recommendatory bodies.

The Court remarked thus in a Writ Petition relating to a case of alleged fake encounter by the Special Cell of the Delhi Police that took place on May 5, 2006 where five members of the Ayub/Aslam gang died and the sixth member allegedly escaped into the darkness.

A Division Bench comprising Justice Prathiba M. Singh and Justice Amit Sharma observed, “The purpose of the Human Rights Act and the reasons for its enactment would be nullified if the Commissions are rendered powerless and are held to be mere recommendatory bodies. The recommendations are binding in nature. The concerned authority/government, however, is not without remedy and can always seek judicial review of the recommendations. Any view to the contrary, that the Human Rights Commissions can only make recommendations, which are not binding, would render the said Commissions completely toothless and nullify the object of India ratifying the Universal Declaration of Human Rights.”

The Bench emphasised that human rights are not ordinary rights and these rights are integral to Article 21 of the Constitution which recognizes the Right to Life.

Advocate Saurabh Prakash appeared on behalf of the Petitioner while Senior Advocate Dayan Krishnan appeared on behalf of the Respondents.

Facts of the Case

The case was related to an alleged fake encounter by the Special Cell of the Delhi Police that took place on the night of May 5, 2006, where five members of the Ayub/Aslam gang died and the 6th member was stated to have escaped into the darkness. The said gang was involved in more than 70 cases of murder, attempt to murder, dacoity, robbery, rape, etc. The Petition was filed by the father of the member of the said gang who lost his life in the alleged fake encounter.

As per the Petition, the deceased used to run a provision store and it was submitted that he did not have prior criminal antecedents. He was made an accused in two FIRs under Sections 397, 395, and 34 of the Indian Penal Code (IPC) but was acquitted in both the cases. The deceased had a wife and two daughters. The Petitioner sought directions to the Respondents to give concurrence for an impartial CBI (Central Bureau of

Investigation) inquiry into the alleged killings and to give compensation of Rs. 5 lakhs to the legal heirs of the deceased gang members including the one who was missing.

Reasoning

The High Court in view of the facts and circumstances of the case, said, “The Court does not agree with the stand of the Delhi Police that in each and every case, the NHRC ought to be forced to approach the Court for implementation of its own decisions. The NHRC is not meant to become a litigant before Courts.”

The Court further noted that the Commissions under the Human Rights Act are meant to look into any infractions and exercise powers under the Act and the Reports and Recommendations of Human Rights Commissions (HRCs) need to be treated with seriousness and not rendered edentulous or pointless.

“If Governments are aggrieved, they are free to challenge the orders of State Commissions and NHRC. But such inquiries and reports cannot be simply ignored. Human Rights Commissions are not to be ‘toothless tigers’ but have to be ‘fierce defenders’ safeguarding the most basic right of humans i.e., the right to live without fear and to live with dignity”, it added.

Having held that the recommendations of the HRC would be binding in nature, the Court was of the opinion that the compensation, as awarded, deserves to be paid.

“The deceased has two daughters, both of whom are studying. They have been brought up by their paternal grand-parents i.e., dada and dadi. … Since there was no challenge to the direction given by the NHRC, which in the opinion of this Court, is binding on the government, it is directed that the compensation shall be released by the MHA for a sum of Rs.5 lakhs along with simple interest @ 18% within a period of three months”, it directed.

Accordingly, the High Court allowed the Writ Petition.

Cause Title- Kiran Singh v. National Human Rights Commission & Ors. (Neutral Citation: 2025:DHC:456-DB)

Appearance:

Petitioner: Advocates Saurabh Prakash, Utsav Jain, and Anant Aditya Patro.

Respondents: Senior Advocate Dayan Krishnan and SPP Rajesh Mahajan.

Mooknayak

IIM-B में सूरत के आदिवासी छात्र की मौत पर बामसेफ गुजरात ने कहा—SIT करें जांच, उच्च शिक्षण संस्थानों में SC/ST/OBC स्टूडेंट्स की सुरक्षा पर उठाए सवाल

BAMCEF का आरोप है कि इन प्रतिष्ठित संस्थानों में जातिगत हिंसा को नजरअंदाज किया जाता है और व्यवस्थागत भेदभाव के कारण इन घटनाओं की निष्पक्ष जाँच नहीं होती। 2004 से 2024 के बीच, सिर्फ IITs में 115 मौतों को आत्महत्या करार दिया गया, लेकिन कई मामलों में जातिगत भेदभाव और हिंसा के संकेत मिले हैं।

https://www.themooknayak.com/tribal-news/pattern-of-deaths-in-elite-institutes-bamcef-gujarat-pushes-for-sit-inquiry-into-st-students-death-at-iim-b

Geetha Sunil Pillai | Published on: 03 Feb 2025, 12:16 pm

सूरत - भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) बेंगलुरु में एमबीए कर रहे अनुसूचित जनजाति (ST) छात्र निलय कैलाशभाई पटेल की मौत ने प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में हाशिए के समुदायों के छात्रों की सुरक्षा और व्यवहार को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। पटेल का शव रविवार, 5 जनवरी 2025 को सुबह 6:45 बजे छात्रावास परिसर की सड़क पर एक सुरक्षा गार्ड को मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर कई चोटें और सदमे (शॉक) को मौत का कारण बताया गया, जिससे झगड़े की संभावना भी जताई जा रही है।

इस घटना के बाद, गुजरात के सूरत में स्थित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक कर्मचारी महासंघ (BAMCEF) ने बेंगलुरु पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर इस मामले में विशेष जांच दल (SIT) से निष्पक्ष जाँच कराने की माँग की है।

संगठन ने न केवल पटेल की मौत, बल्कि IIM, IIT और मेडिकल कॉलेज जैसे प्रमुख संस्थानों में अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) और अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के छात्रों से जुड़े व्यापक मुद्दों को भी उठाया है।

पटेल की मौत से जुड़े मुख्य तथ्य और परिस्थितियाँ

पटेल ने शनिवार, 4 जनवरी 2025 की रात अपने छात्रावास में दोस्तों के साथ जन्मदिन मनाया था। रात 11:30 बजे उसे आखिरी बार अपने दोस्त के कमरे से लौटते हुए देखा गया।अगली सुबह उसका शव छात्रावास परिसर में मिला। पटेल एक मेधावी छात्र था और हाल ही में उसे एक ई-कॉमर्स कंपनी में उच्च वेतन वाली नौकरी मिली थी, जहाँ उसे सोमवार को ज्वाइन करना था।

BAMCEF ने इस मौत को सुप्रीम कोर्ट में लंबित उस जनहित याचिका (PIL) से जोड़ा है, जिसमें उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की शिकायतों और समान अवसरों को लेकर सुनवाई चल रही है। संगठन ने इसे SC, ST और OBC छात्रों के खिलाफ बढ़ती हिंसा का एक हिस्सा बताया और जातिगत समूहों द्वारा निशाना बनाए जाने का आरोप लगाया।

BAMCEF से जुड़े सामाजिक कार्यकर्त्ता एडवोकेट परीक्षित राठौड ने इस मामले की निष्पक्ष जाँच के लिए निम्नलिखित माँगें रखी:

SIT जाँच: पटेल की मौत की जाँच के लिए एक विशेष जाँच दल गठित किया जाए।

अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज हो: चूँकि पटेल अनुसूचित जनजाति (ST) से था, इसलिए इस मामले में SC/ST (अत्याचार निवारण) अधिनियम लगाया जाए।

हत्या के रूप में जाँच हो: इस मामले को आत्महत्या के बजाय हत्या मानकर भारतीय न्याय संहिता (BNSS) की धाराओं के तहत जाँच की जाए।

CCTV फुटेज की जाँच: छात्रावास के 'F' ब्लॉक सहित सभी ब्लॉकों के 4 जनवरी रात 10:30 बजे से 5 जनवरी सुबह 7:00 बजे तक के सीसीटीवी फुटेज की जाँच की जाए।

जन्मदिन समारोह में शामिल लोगों की पहचान: पटेल के जन्मदिन समारोह में मौजूद सभी व्यक्तियों की सूची बनाई जाए और उनके बयान दर्ज किए जाएँ।

द्वितीय पोस्टमार्टम: मौत के कारणों की पुष्टि के लिए एक दूसरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार कराई जाए और यह भी जाँचा जाए कि पटेल ने कोई नशीला पदार्थ या विषाक्त पदार्थ तो नहीं लिया था।

फोरेंसिक रिपोर्ट सार्वजनिक हो: यदि पहले से कोई फोरेंसिक जाँच हुई है, तो उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

मृत्यु का सटीक समय बताया जाए: पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पटेल की मृत्यु का सही समय स्पष्ट रूप से दर्ज किया जाए।

उच्च शिक्षण संस्थानों में मौतों का पैटर्न

अधिवक्ता परीक्षित राठौड ने SC, ST और OBC छात्रों की मौतों में एक खतरनाक प्रवृत्ति की ओर इशारा किया है।उनका दावा है कि कई मामलों में आत्महत्या का निष्कर्ष निकालकर हत्याओं को नजरअंदाज कर दिया जाता है।

2004 से 2024 के बीच, सिर्फ IITs में 115 मौतों को आत्महत्या करार दिया गया, लेकिन कई मामलों में जातिगत भेदभाव और हिंसा के संकेत मिले हैं। BAMCEF का आरोप है कि इन प्रतिष्ठित संस्थानों में जातिगत हिंसा को नजरअंदाज किया जाता है और व्यवस्थागत भेदभाव के कारण इन घटनाओं की निष्पक्ष जाँच नहीं होती।

पत्र में यह भी चिंता जताई गई है कि संगठित जातिगत समूह इन छात्रों को निशाना बना सकते हैं ताकि वे सरकारी और निजी क्षेत्रों में आगे न बढ़ सकें।

BAMCEF ने केवल SIT जाँच की ही माँग नहीं की, बल्कि सरकार से SC, ST और OBC छात्रों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की अपील भी की है। संगठन ने संस्थानों में एक सशक्त शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करने और छात्रावासों तथा अकादमिक परिसरों में जातिगत भेदभाव के खिलाफ कड़े नियम लागू करने की आवश्यकता पर बल दिया है।

पत्र की प्रतियाँ कई प्रमुख अधिकारियों को भेजी गई हैं, जिनमें अंतर सिंह आर्य, अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, पी.बी. गोंडिया, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, SC/ST एवं कमजोर वर्गों पर अत्याचार रोकथाम, गुजरात, महानिदेशक (जाँच), राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, किशोर मकवाना, अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग एव राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग आदि शामिल हैं।

Prabhat Khabar

Muzaffarpur News: जिला एसएसपी को सम्मन जारी, कुत्तों द्वारा नवजात को नोंच-नोंचकर खाने का है मामला

https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/muzaffarpur/muzaffarpur-news-national-human-rights-commission-issued-summons-to-district-ssp

Muzaffarpur News: राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने नवजात शिशु को कुत्तों के द्वारा खाये जाने के मामले में जिला एसएसपी को सम्मन जारी किया है. इस पूरे मामले में अहियापुर थाने में तीन अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गयी थी. पढ़ें पूरी खबर…

By Aniket Kumar | February 3, 2025 9:40 PM

Muzaffarpur News: जिले के एसकेएमसीएच कैंपस में नवजात शिशु को कुत्तों के द्वारा खाये जाने के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने एसएसपी मुजफ्फरपुर को सशर्त सम्मन जारी किया है. आयोग ने एसएसपी मुजफ्फरपुर को उपस्थित होने का आदेश देते हुए कहा कि यदि पूरी जांच रिपोर्ट 12 मार्च से पहले आयोग को प्राप्त हो जाए तो सदेह उपस्थिति को टाला जा सकता है. बता दें कि बीते साल 15 मई को श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के मेन गेट पर एक नवजात बच्चे को कुत्तों के द्वारा नोच-नोचकर खाया जा रहा था. कुत्ते घंटों तक नवजात बच्चे को नोचते रहे, लेकिन अस्पताल प्रबंधन या पुलिस की तरफ से कोई पहल नहीं हुई.

आयोग ने डीएम को जारी किया था नोटिस

15 जनवरी को भी कुत्ते के द्वारा एक नवजात बच्चे को नोंच कर खाए जाने का मामला सामने आया था, जो राष्ट्रीय व राज्य मानवाधिकार आयोग के समक्ष विचाराधीन है. मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के.झा ने राष्ट्रीय व राज्य मानवाधिकार आयोग में इन सभी मामलों में याचिका दायर की थी और मामले की गंभीरतापूर्वक जांच करते हुए दोषियों पर कठोर-से-कठोर कार्रवाई की मांग की थी. उसके बाद मानवाधिकार आयोग ने जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर को नोटिस जारी किया था.

एसएसपी को जारी किया सम्मन

इस पूरे मामले में अहियापुर थाने में तीन अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गयी थी. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तीनों प्राथमिकी की वर्तमान स्थिति और जांच के बारे में मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन से लगातार रिपोर्ट मांग रही है, लेकिन मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन द्वारा आयोग को रिपोर्ट नहीं दिया जा रहा है. उसके बाद 3 फरवरी को आयोग ने सख्त रुख अपनाते हुए एसएसपी मुजफ्फरपुर को सदेह उपस्थित होने हेतु सम्मन जारी किया है. इस मामले में अगली सुनवाई 12 मार्च को होगी.

First Bihar

Bihar News: राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बिहार के SSP को किया तलब, जानिए.. किस मामले में जारी हुआ नोटिस

Bihar News: राष्ट्रीय मानवाधिकारी ने मुजफ्फरपुर के एसएसपी को नोटिस जारी कर दिल्ली तलब किया है। एसकेएमसीएच से जुड़े मामले में आयोग ने एसएसपी को 12 मार्च को सदेह हाजिर होने को कहा है।

https://firstbihar.com/bihar/muzaffarpur-news/nhrc-summoned-to-muzaffarpur-ssp-615144

03-Feb-2025 04:24 PM

By MANOJ KUMAR

Bihar News: राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मुजफ्फरपुर के SSP को तलब किया है। आयोग ने नोटिस जारी कर एसएसपी को सशरीर उपस्थित होने को कहा है। एसकेएमसीएच से जुड़े एक मामले में मानवाधिकार आयोग ने समन जारी किया है।

दरअसल, मुजफ्फरपुर के श्री कृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में नवजात शिशु को कुत्तों के द्वारा खाये जाने के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मुजफ्फरपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक को सम्मन जारी किया है। आयोग ने एसएसपी को सदेह उपस्थित होने के लिए समन जारी करते हुए कहा कि यदि पूरी जांच रिपोर्ट 12 मार्च से पहले आयोग को प्राप्त हो जाये तो सदेह उपस्थिति को टाला जा सकता है।

पिछले साल 15 मई को श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के मुख्य द्वार पर एक नवजात बच्चे को कुत्तों के द्वारा नोच-नोचकर खाया जा रहा था। कुत्ते घंटों तक नवजात बच्चे को नोचते रहे लेकिन अस्पताल प्रबंधन या पुलिस की ओर से कोई पहल नहीं हुई। यहां तक कि अस्पताल के गार्ड भी तमाशबीन बने रहे। वर्ष 15 जनवरी को भी कुत्ते के द्वारा एक नवजात बच्चे को खाये जाने का मामला प्रकाश में आया था, जो राष्ट्रीय व राज्य मानवाधिकार आयोग के समक्ष विचाराधीन है।

मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के.झा ने राष्ट्रीय व राज्य मानवाधिकार आयोग में इन सभी मामलों में याचिका दायर की थी और मामले की गंभीरतापूर्वक जांच करते हुए दोषियों पर कठोर-से-कठोर कार्रवाई की मांग की थी। उसके बाद मानवाधिकार आयोग ने मुजफ्फरपुर डीएम को नोटिस जारी किया था। जिसके बाद जिले की प्रशासनिक व्यवस्था सक्रिय हो गई। इस पूरे मामले में अहियापुर थाने में तीन अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई, जो अहियापुर थाना कांड संख्या 75/24, 1429/24 तथा 1500/24 हैं।

उसके बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तीनों केस की वर्तमान स्थिति और जांच के बारे में मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन से लगातार रिपोर्ट मांग रही है, लेकिन मुजफ्फरपुर जिला प्रशासन द्वारा आयोग को रिपोर्ट नहीं नहीं दिया जा रहा है। उसके बाद 3 फ़रवरी को आयोग ने सख्त रुख अपनाते हुए मुजफ्फरपुर एसएसपी को सदेह उपस्थित होने का समन जारी किया है। आयोग ने कहा कि यदि पूरी जांच रिपोर्ट 12 मार्च से पूर्व आयोग को प्राप्त हो जाये तो सदेह उपस्थिति को टाला जा सकता है, अन्यथा एसएसपी मुजफ्फरपुर स्वयं उपस्थित होकर जबाव देंगे।

